**SET-4**

**Series BVM/C**

कोड नं.
**Code No. 69**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **25** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **8** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **25** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# गृह विज्ञान (सैद्धान्तिक)

# HOME SCIENCE (Theory)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 70*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 70*



collegedunia
India's largest Student Review Platform

*सामान्य निर्देश :*

*(i)* ***सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल **25** प्रश्न हैं ।*

*(iii)* *प्रश्न संख्या **1 – 6** तक **1** अंक के प्रश्न हैं, जिनके उत्तर **एक या दो** लाइन में दीजिए ।*

*(iv)* *प्रश्न संख्या **7 – 13** तक **2** अंकों के प्रश्न हैं, जिनके उत्तर **10 – 20** शब्दों में दीजिए ।*

*(v)* *प्रश्न संख्या **14 – 15** तक **3** अंकों के प्रश्न हैं, जिनके उत्तर **20 – 30** शब्दों में दीजिए ।*

*(vi)* *प्रश्न संख्या **16 – 21** तक **4** अंकों के प्रश्न हैं, जिनके उत्तर **40** शब्दों में दीजिए ।*

*(vii)* *प्रश्न संख्या **22 – 25** तक **5** अंकों के प्रश्न हैं, जिनके उत्तर **50 – 60** शब्दों में दीजिए ।*

*(viii)* *जहाँ आवश्यक हो उपयुक्त उदाहरणों सहित अपने उत्तरों की पुष्टि कीजिए ।*

***General Instructions :***

*(i)* ***All** questions are compulsory.*

*(ii)* *There are total **25** questions.*

*(iii)* *Questions no. **1 – 6** are for **1** mark, to be answered in **one or two** lines.*

*(iv)* *Questions no. **7 – 13** are of **2** marks, to be answered in **10 – 20** words.*

*(v)* *Questions no. **14 – 15** are of **3** marks, to be answered in **20 – 30** words.*

*(vi)* *Questions no. **16 – 21** are of **4** marks, to be answered in **40** words.*

*(vii)* *Questions no. **22 – 25** are of **5** marks, to be answered in **50 – 60** words.*

*(viii)* *Support your answers with suitable examples wherever required.*

## खण्ड क

## SECTION A

**1.** नमक एवं हल्दी खरीदने से पूर्व आप किन मानक चिह्नों की जाँच करेंगे ? *1*

**अथवा**

केसरी दाल की मिलावट किन दो खाद्य पदार्थों में पाई जा सकती है ? *1*

State the standard marks you will check before buying salt and turmeric.

**OR**

Mention two foods which may be adulterated with kesari dal.

**2.** MGNREGA के कार्यस्थल पर महिला कार्यकर्ताओं को दी जाने वाली किन्हीं दो सुविधाओं के नाम बताइए । *1*

Name any two facilities provided to women workers at the MGNREGA worksite.



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

**3.** सूती वस्त्रों पर से चाय एवं लिपस्टिक के धब्बे छुड़ाने के लिए आप कौन-से रसायन प्रयोग करेंगे ? प्रत्येक के लिए एक-एक नाम दीजिए । *1*

Name one chemical each you will use to remove tea and lipstick stains from your cotton garments.

**4.** राष्ट्रीय बचत पत्र में निवेश के दो लाभ बताइए । *1*

State two benefits of investing in a NSC.

**5.** वस्त्र विज्ञान के क्षेत्र में दो स्व-रोज़गार के अवसर बताइए । *1*

Mention two self-employment opportunities in the field of apparel science.

**6.** स्वस्थ भ्रूण के विकास के लिए गर्भवती महिला को कौन-से दो पोषक तत्त्वों का सेवन करना चाहिए ? *1*

**अथवा**

माता के दूध के पर्याप्त स्राव के लिए कौन-से दो पौष्टिक तत्त्वों की आवश्यकता होती है ? *1*

Which two nutrients should be taken by a pregnant woman to ensure healthy development of a fetus ?

**OR**

Which two nutrients are needed for sufficient secretion of mother's milk ?

## खण्ड ख

## SECTION B

**7.** "परिवार की आहार योजनाओं पर त्योहारों का प्रभाव पड़ता है ।" इस कथन की पुष्टि किन्हीं चार उदाहरणों की सहायता से कीजिए । *2*

**अथवा**

एक स्कूल जाने वाले बालक के लिए टिफिन की योजना बनाते समय आप किन चार बातों का ध्यान रखेंगे ? *2*

"Meal planning of a family is influenced by the festivals." Support this statement with the help of any four examples.

**OR**

What four points would you keep in mind while planning tiffin for a school-going child ?



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

**8.** एक खिलाड़ी के लिए कपड़ों का चयन करते समय आप किन चार लक्षणों का ध्यान रखेंगे ? *2*

What four features would you keep in mind while selecting clothes for a sportsperson ?

**9.** बीमारी फैलाने से बचने के लिए प्रत्येक खाद्य विक्रेता को स्वच्छता की कौन-सी चार कार्यप्रणालियाँ अपनानी चाहिएँ ? *2*

Write four hygienic practices every food vendor should adopt to avoid spreading illness.

**10.** अपनी दादीजी के मनोरंजन की आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए चार सुझाव दीजिए । *2*

Suggest four ways to meet the recreational needs of your grandmother.

**11.** एक रोगी की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए आहार में किस तरह के परिवर्तन किए जाते हैं ? किन्हीं दो उदाहरणों की सहायता से समझाइए । *2*

**अथवा**

एक किशोर की पौष्टिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए दही एवं आलू परांठा के आहार में दो परिवर्तन सुझाइए । अपने सुझावों के कारण भी बताइए । *2*

What type of modifications are done in meals, to meet the needs of a patient. Explain with the help of any two examples.

**OR**

Suggest two modifications in the meal of curd and aloo parantha to meet the nutritional needs of an adolescent boy. Also give reasons for your suggestions.

**12.** तेईस-वर्षीय आशिमा का हाल ही में विवाह हुआ है । अपने ससुराल वालों के साथ संबंध मज़बूत करने के लिए उसे चार सुझाव दीजिए । *2*

Twenty-three year old Ashima has recently got married. Give her four suggestions to build good relationship with her in-laws.



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

**13.** कई दिनों से राहुल उदास प्रतीत हो रहा है । वह कक्षा में अकेला रहना पसंद कर रहा है । उसकी समस्या क्या हो सकती है ? उसकी अध्यापिका उसे किन तीन तरह से मदद कर सकती है ? *2*

**अथवा**

अरुण के दोस्त उसे शराब पीने के लिए अक्सर दबाव डालते हैं । यदि आप अरुण होते, तो आप उनसे किन चार तरह से निपटते ? *2*

Lately Rahul appears to be sad and prefers sitting alone in the classroom. What could be his problem ? In which three ways can his teacher help him ?

**OR**

Arun is often pressurized by his friends to drink alcohol. If you were Arun, in which four ways would you have dealt with them ?

## खण्ड ग
## SECTION C

**14.** रिवर्स ऑसमोसिस (Reverse Osmosis) फिल्टर विधि द्वारा पानी को पीने योग्य कैसे बनाया जाता है ? इसके लाभ एवं कमियाँ क्या हैं ? *3*

How is water made potable by Reverse Osmosis filter method ? What are its benefits and drawbacks ?

**15.** पी.पी.एफ. (PPF) एवं जीवन बीमा पॉलिसी (LIC) में निवेश करने के तीन-तीन लाभ लिखिए । *3*

**अथवा**

घरेलू खर्चों का ब्यौरा लिखने के छः लाभ बताइए । *3*

Write three advantages each of investing in PPF and LIC.

**OR**

Write six advantages of maintaining a record of household expenses.



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

## खण्ड घ

## SECTION D

**16.** बहुत-सी किशोरियाँ एनोरेक्ज़िया नर्वोसा से ग्रस्त होती हैं । इसके चार संभव कारण क्या हो सकते हैं ? उनकी मदद किन चार तरीकों से की जा सकती है ? *4*

Many adolescent girls suffer from anorexia nervosa. What could be its four possible reasons ? In what four ways can they be helped ?

**17.** आपका भाई होस्टल में रह रहा है । उसे बचत करने के चार कारण बताइए । वह अपने खर्चे किन चार प्रकार से कम कर सकता है ? *4*

**अथवा**

एक परिवार को अपनी प्रत्यक्ष आय एवं मौद्रिक आय में वृद्धि करने के चार-चार सुझाव दीजिए । *4*

Your brother is living in a hostel. Tell him four reasons to save money. How can he reduce his expenses in four ways ?

**OR**

Give four suggestions each to a family to increase its direct income and money income.

**18.** एक परिवार के आहार में आरजीमोन की मिलावट किन चार लक्षणों से पहचानी जाती है ? ऐसे खतरों से बचने के लिए उन्हें कौन-से कदम उठाने चाहिए ? *4*

**अथवा**

एक परिवार के आहार में मेटानिल येलो की मिलावट किन चार लक्षणों से पहचानी जाती है ? ऐसे खतरों से बचने के लिए उन्हें कौन-से कदम उठाने चाहिए ? *4*



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

Identify any four symptoms that indicate that a family is consuming foods adulterated with argemone. What steps should they take to safeguard themselves from such menace ?

**OR**

Identify any four symptoms that indicate that a family is consuming foods adulterated with metanil yellow. What steps should they take to safeguard themselves from such menace ?

**19.** ग्राहकों को धोखा देने के लिए एक दवाई विक्रेता कौन-सी छः कुरीतियाँ अपना सकता है ? ऐसी धोखाधड़ी से बचने के लिए उपभोक्ताओं को कौन-से दो कदम उठाने चाहिए ? *4*

**अथवा**

सब्जी विक्रेता अपने ग्राहकों को किन आठ तरह से धोखा दे सकता है ? *4*

Enumerate any six malpractices a chemist may adopt to deceive his customers. What two steps should consumers adopt to protect themselves against such malpractices ?

**OR**

In what eight ways can a vegetable vendor cheat his customers ?

**20.** एक मधुमेह से पीड़ित रोगी में कौन-से चार लक्षण दिखाई देते हैं ? ऐसे रोगियों के लिए चार विशिष्ट आहारीय परिवर्तन सुझाइए । *4*

Mention four symptoms seen in a patient suffering from diabetes. Suggest four specific dietary changes for such patients.

**21.** अपनी स्कर्ट के लिए आरामदायक कपड़ा खरीदने के लिए आप किन चार विशेषताओं की जाँच करेंगे ? इसकी संतोषजनक कारीगरी के लिए दर्जी को चार निर्देश दीजिए । *4*

Which four qualities would you check to ensure a comfortable fabric for your skirt. Give four instructions to your tailor for its satisfactory workmanship.



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

## खण्ड ङ

## SECTION E

**22.** लेबल पर दिए गए मानक चिह्न, सामग्री, लॉट नम्बर, उत्पादन तिथि एवं उत्पादक के पते की जाँच करना उपभोक्ता के लिए अत्यन्त महत्त्वपूर्ण होता है । इस कथन की पुष्टि एक-एक कारण देकर कीजिए । *5*

It is important for a consumer to check label for standard mark, ingredients, lot number, date of manufacturing and manufacturer's address ? Justify this statement with the help of one reason each.

**23.** रेशमी साड़ी पर से धब्बे छुड़ाते समय उसका रंग उतर गया है । इसके छ: संभव कारण क्या हो सकते हैं ? इस साड़ी को संग्रह करते समय कौन-सी चार सावधानियाँ बरतनी चाहिएँ ? *5*

While removing stains from silk sari, it got discoloured. What could be six possible reasons for this ? Which four precautions should be adopted while storing this sari ?

**24.** शारीरिक बदलावों का किशोरों के व्यक्तित्व पर किस तरह का प्रभाव पड़ता है ? किन्हीं पाँच उदाहरणों की मदद से समझाइए । *5*

Explain the impact of physical changes on the personality of adolescents with the help of any five examples.

**25.** एक नाटे कद की मोटी लड़की की पौशाकों के लिए, कला के चारों तत्त्वों का प्रयोग करने का सुझाव दीजिए । उसकी पौशाक में लय लाने के तीन तरीके दर्शाइए । *5*

**अथवा**

साड़ी एवं ब्लाऊज में डिज़ाइन के पाँचों सिद्धांतों को लेबल सहित दर्शाइए । *5*

Suggest four elements of art for the dresses of a short and fat girl. Draw three ways to create rhythm in her dress.

**OR**

Illustrate all five principles of design in a sari and blouse with labels.



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform